राष्ट्रीय सहारा
राष्ट्रीयता ■ कर्त्तव्य ■ समर्पण
नई दिल्ली। शुक्रवार • 29 नवम्बर • 2024

# समाजसेवा की है तो आपके बच्चों को मिलेगा दाखिला

■ राकेश नाथ

नई दिल्ली। एसएनबी

यदि आपने समाजसेवा की है या करते हैं तो ये आपके बच्चों के दाखिले में काम आएगा। दिल्ली के पब्लिक स्कूलों ने नर्सरी दाखिले में अभिभावकों द्वारा की गई समाजसेवा को अपनी दाखिले की क्राइटेरिया में शामिल किया है। इसके लिए स्कूलों ने अलग अलग प्वाइंट रखे है। इसके तहत बच्चों के दाखिले के लिए बने 100 प्वाइंट्स के दाखिला क्राइटेरिया में मां-बाप द्वारा की गई समाजसेवा को तरजीह मिलेगी और दाखिला आसान होगा।

आपको बता दें कि राजधानी के 1741 पब्कूलों में नर्सरी दाखिले के लिए स्कूलों ने अपनी दाखिले का क्राइटेरिया घोषित किया है। दक्षिणी दिल्ली के वसंत वैली स्कूल ने नर्सरी दाखिले में अभिभावकों द्वारा की गई समाजसेवा के लिए अपनी दाखिला क्राइटेरिया में प्वाइंट्स रखें हैं। मसलन यदि माता-पिता ने राष्ट्रीय स्तर के स्वयंसेवी संस्थान के जरिए समाजसेवा की है तो 4 प्वाइंट्स मिलेंगे। यदि सरकारी या गैर सरकारी एनजीओ से कला के क्षेत्र में अवार्ड मिला तो उसके 4 प्वाइंट्स रखे गए हैं। इसी प्रकार अन्य स्कूलों ने अपना-अपना क्राइटेरिया बनाया है। पीतमपुरा स्थित एमएम पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य रुमा पाठक ने बताया कि हमने नेबरहुड के लिए सर्वाधिक 50 प्वाइंट्स रखें हैं। इसी प्रकार गर्ल चाइल्ड के लिए 20 प्वाइंट्स, सिबलिंग के लिए 10, फर्स्ट बॉर्न चाइल्ड के लिए 10 और एल्यूमनी के लिए 10 प्वाइंट्स रखे हैं। आईपी एक्सटेंशन स्थित मयूर पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य स्वाति वर्मा के अनुसार हमने नेबरहुड में 7 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले बच्चों के लिए सर्वाधिक 85 प्वाइंट्स रखे हैं। इसी प्रकार सिबलिंग के लिए 10 और एल्यूमनी के लिए 5 प्वाइंट्स रखे हैं। मयूर विहार स्थित एएसएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रधानाचार्य स्वर्णिम लूथरा के अनुसार स्कूल ने नेबरहुड के लिए 12 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले बच्चों के लिए 40 प्वाइंट्स, सिबलिंग के लिए 25 प्वाइंट्स, फर्स्ट बॉर्न चाइल्ड के लिए 20 प्वाइंट्स और एल्यूमनी के लिए 5 प्वाइंट्स रखे हैं। रामजस इंटरनेशनल स्कूल आरकेपुरम की प्रधानाचार्य ऋचा शर्मा के अनुसार स्कूल ने नेबरहुड के लिए 45 प्वाइंट्स, सिबलिंग के लिए 25 प्वाइंट्स, एल्यूमनी के लिए 10, इम्प्लाई चाइल्ड के लिए 10, गर्ल-फर्स्ट बॉर्न चाइल्ड के लिए 10 प्वाइंट्स रखे गए हैं।

**नर्सरी दाखिला 2025**

- **दिल्ली के स्कूलों ने समाजसेवा को दाखिले के क्राइटेरिया में किया शुमार**
- **समाजसेवा के लिए बच्चों के दाखिले में मिलेंगे प्वाइंट्स**
- **दिल्ली के 1741 स्कूलों में चल रही नर्सरी दाखिले की आवेदन प्रक्रिया**